
बारिश से पहले एक्टिव मोड में प्रशासन, समय पर होगी ... 7

RNI NO.51594/94

दैनिक

# नेशनल प्रहरी

दिल्ली–एनसीआर, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और चंडीगढ़ से एक साथ प्रसारित


हिसार को मिलेगा औद्योगिक विकास का नया आयाम.... 8

वर्ष:31 अंक:354 फरीदाबाद, बुधवार, 16 अप्रैल 2025 Email: nationalprahari.info@gmail.com www.nationalpraharinews.com मूल्य: 1 रु. पृष्ठ:8


# अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में दंत स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

नेशनल प्रहरी / रघुबीर सिंह



बल्लभगढ़। अग्रवाल कॉलेज की युथ रेड क्रॉस की इकाइयों द्वारा 15 अप्रैल 2025 को सुधा रस्तोगी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च के सहयोग से एक सफल दंत स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।यह शिविर देवेंद्र कुमार गुप्ता (अध्यक्ष), एडवोकेट दिनेश कुमार गुप्ता (महासचिव) अग्रवाल कॉलेज एवं कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन और समर्थन से आयोजित किया गया। उनके निरंतर प्रोत्साहन और प्रेरणा से ही ऐसे स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन संभव होता है, जो स्टाफ और छात्रों के कल्याण हेतु महत्वपूर्ण है।सुधा रस्तोगी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च के पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग की विशेषज्ञ टीम द्वारा दंत जांच की गई। इस टीम में डॉ0 सी.एम. मार्या , विभागाध्यक्ष एवं प्राचार्य, डॉ0 प्रतिभा तनेजा , एसोसिएट प्रोफेसर, डॉ0 अदिति भारद्वाज, परास्नातक छात्रा, इंटर्न्स मोहित, लक्ष्य, कुहू और मीनू मुख्यरूप से शामिल थे। इस कार्यक्रम का समन्वयन पूजा, सुभाष और लवकेश यूथ रेड क्रॉस काउंसलर द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। कुल 137 छात्रों और स्टाफ सदस्यों ने इस जांच शिविर का लाभ उठाया। इस प्रकार की जांचें समाज में मुख व दंत संबंधित समस्याओं के निवारण व स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में अपना योगदान देती रहती हैं।

# अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ की यूथ रेडक्रॉस इकाइयों द्वारा दंत स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

आज समाज नेटवर्क

बल्लभगढ़। अग्रवाल कॉलेज की यूथ रेड क्रॉस की इकाइयों द्वारा मंगलवार को सुधा रस्तोगी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च के सहयोग से एक सफल दंत स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर देवेंद्र कुमार गुप्ता (अध्यक्ष), एडवोकेट दिनेश कुमार गुप्ता (महासचिव) अग्रवाल कॉलेज एवं कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन और समर्थन से आयोजित किया गया। उनके निरंतर प्रोत्साहन और प्रेरणा से ही ऐसे स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन संभव होता है, जो स्टाफ और छात्रों के कल्याण हेतु महत्वपूर्ण है। सुधा रस्तोगी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च के पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग की विशिष्ट टीम द्वारा दंत जांच की गई। इस टीम में



अपने दांतों की जांच कराते हुए विद्यार्थी। ओमप्रकाश पांचाल

निम्नलिखित डॉक्टर शामिल थे। डॉ सीएन मौर्य, विभागाध्यक्ष एवं प्राचार्य, डॉ प्रतिभा तनेजा, एसोसिएट प्रोफेसर, डॉ अदिति भारद्वाज, परास्नातक छात्रा, इंटर्न्स मोहित, लक्ष, कृतु और मीनू इस कार्यक्रम का समन्वयन पूजा, सुभाष और लवकेश यूथ रेड क्रॉस काउंसिलर द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। कुल 137 छात्रों और स्टाफ सदस्यों ने इस जांच शिविर का लाभ उठाया इस प्रकार की जांचें समाज में मुख व दंत संबंधित समस्याओं के निवारण व स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में अपना योगदान देती रहती हैं।

हिन्दुस्तान 03
नई दिल्ली, बुधवार, 16 अप्रैल 2025
www.livehindustan.com

शहर 30s



बल्लभगढ़ के अग्रवाल कॉलेज में मंगलवार को शिविर में छात्रों की जांच करते डॉक्टर।

## शिविर में छात्रों के दांतों की जांच हुई

बल्लभगढ़। अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ में मंगलवार को यूथ रेडक्रॉस और सुधा रस्तोगी डेंटल कॉलेज के सहयोग से दंत स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। डॉ. सीएम मार्या और उनकी टीम ने छात्रों और स्टाफ के दांतों की जांच की। इस दौरान कुल 137 लोगों ने शिविर का लाभ उठाया। शिविर के आयोजन में पूजा, सुभाष और लवकेश का विशेष सहयोग रहा। जांच करने आई टीम में डॉक्टरों के साथ इंटर्न छात्र भी शामिल थे।

NBT
नवभारत टाइम्स । फरीदाबाद । बुधवार, 16 अप्रैल 2025

## अग्रवाल कॉलेज में स्वास्थ्य शिविर लगा

NBT न्यूज, बल्लभगढ़ : अग्रवाल कॉलेज की यूथ रेडक्रॉस की इकाइयों की ओर से मंगलवार को सुधा रस्तोगी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च के सहयोग से दंत स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. संजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि सुधा रस्तोगी कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च के पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग की विशेषज्ञ टीम की ओर से दंत जांच की गई। इस टीम में डॉ. सीएम मार्या, डॉ. प्रतिभा तनेजा, डॉ. अदिति भारद्वाज आदि ने भाग लिया। शिविर में 137 छात्रों और स्टाफ सदस्यों ने इस जांच शिविर का लाभ उठाया।